USE OF SOTROVIMAB (XEVUDY®) IN ADULTS WITH COVID-19

COVID-19 से ग्रस्त वयस्कों में SOTROVIMAB (XEVUDY®) का प्रयोग

रोगियों, परिवारों और देखभालकर्ताओं के लिए संक्षिप्त जानकारी

SOTROVIMAB क्या है?

Sotrovimab मोनोक्लोनल एंटीबॉडी नामक दवाओं के एक समूह से संबंधित है और इसे COVID-19 के उपचार के लिए विकसित किया गया है।

यह COVID-19 पैदा करने वाले वायरस के स्पाइक प्रोटीन से जुड़कर काम करती है। इससे वायरस के मानव शरीर की कोशिकाओं में प्रवेश करने और शरीर में कई गुना होने पर रोक लगती है।



COVID-19 के लिए SOTROVIMAB का संभावित लाभ क्या है?

यदि sotrovimab का प्रयोग COVID-19 के लक्षणों की शुरूआत होने के 5 दिनों में किया जाता है तो यह बहुत बीमार पड़ने या अस्पताल में भर्ती होने या मृत्यु होने के खतरे को कम कर सकती है।

आपके स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारी यह जानते हैं कि COVID-19 के इलाज में इसके काम करने और काम न करने की सबसे अधिक संभावना कब होती है।

COVID-19 में SOTROVIMAB का प्रयोग करते समय किन चीज़ों को ध्यान में रखा जाना चाहिए?

क्योंकि sotrovimab एक नई दवा है, इस बारे में जानकारी का एकत्रित किए जाना जारी है कि यह कितने अच्छे से काम करती है और कितनी सुरक्षित है।

यह महत्वपूर्ण है कि sotrovimab प्राप्त करने से पहले आप अपनी औपचारिक सहमति प्रदान करें।

आप कभी भी sotrovimab से इलाज के बारे में अपना मन बदल सकते/सकती हैं और किसी भी समय अपनी सहमति वापिस ले सकते/सकती हैं।

इससे पहले कि आपको SOTROVIMAB दी जाए, डॉक्टर को क्या जानकारी होनी चाहिए?



डॉक्टर को इन बातों की जानकारी होनी चाहिए:

- ❑ कोई चिकित्सीय समस्याएँ जो आपको हैं (जैसे कि डायबिटीज़/अत्यधिक शूगर, उच्च रक्त-चाप, दमा)।
- ❑ किन्हीं दवाईयों से होने वाली एलर्जी संबंधी प्रतिक्रियाएँ।
- ❑ विटामिन, मिनरल, हर्बल या बुश दवाईयों सहित कैमिस्ट या स्वास्थ्य दुकान से वे सभी दवाईयाँ जिनका आप सेवन कर रहे/रही हैं या हाल ही में सेवन किया है। स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारी sotrovimab की शुरूआत किए जाने से पहले और इसकी समाप्ति के बाद दवाईयों के एक-दूसरे पर परस्पर क्रिया करने की जांच करेंगे।
- ❑ कोई हाल ही में हुए या नियोजित टीकाकरण।
- ❑ यह कि क्या आप गर्भवती हैं या बनने की कोशिश कर रही हैं।

क्या SOTROVIMAB के इलाज के साथ कोई विशेष सावधानियाँ बरतने की ज़रूरत है?

टीकाकरण



इस बात की बहुत ज्यादा जानकारी नहीं है कि COVID-19 टीकाकरण सहित आपके हाल ही में हुए टीकाकरण पर sotrovimab के क्या प्रभाव हो सकते हैं। सुनिश्चित करें कि आप स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारियों को अपने हाल ही के टीकाकरणों और भविष्य के किन्हीं टीकाकरणों के बारे में बताते/बताती हैं।

प्रजनन क्षमता, गर्भावस्था और स्तनपान

- क्योंकि COVID-19 गर्भवती महिलाओं और शिशु के लिए बहुत गंभीर हो सकता है, इसलिए 3 से 9 महीनों की गर्भावस्था के बीच sotrovimab के प्रयोग पर ग़ौर किया जा सकता है। यदि आप गर्भवती हैं, तो sotrovimab का प्रयोग करने के फैसले की चर्चा आपका इलाज करने वाले स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारियों के द्वारा आपके साथ की जाएगी। आपको और आपके शिशु को होने वाले किसी संभावी नुकसान और लाभ की संभावना पर विचार किया जाएगा।
- यह अज्ञात है कि क्या sotrovimab माँ के दूध में उपस्थित होती है या नहीं। सूचना और सलाह के लिए अपने स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारी से पूछें।
- प्रजनन क्षमता पर sotrovimab का प्रभाव अज्ञात है।

This Information Leaflet is provided to support clinicians if sotrovimab is used outside a trial setting.
See https://www.nswtag.org.au/covid-19-medicines-resources/ for further details.

This resource has been endorsed by the Victorian Therapeutics Advisory Group for use by Victorian Hospitals

SOTROVIMAB कैसे दी जाती है?

Sotrovimab नस (आम-तौर पर बाजु में) में ड्रिप लगाकार केवल **एक बार** दी जाती है।

इलाज में करीबे 30 मिनट का समय लगता है और इसके बाद स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारी एक घंटे के लिए आप पर नज़र रखेगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आपको इससे एलर्जी संबंधी प्रतिक्रिया नहीं होती है।

SOTROVIMAB के दुष्प्रभाव क्या हैं?

सभी दवाईयों के दुष्प्रभाव हो सकते हैं परन्तु इन्हें अक्सर अनुभव नहीं किया जाता है। कभी-कभी ये दुष्प्रभाव गंभीर होते हैं, परन्तु अधिकांशत: ये गंभीर नहीं होते हैं और इलाज बंद करने पर यह दूर हो जाते हैं। कुछ दुष्प्रभावों के लिए इलाज की ज़रूरत पड़ सकती है। Sotrovimab के कुछ दुष्प्रभाव नीचे दर्शाए गए हैं।

Sotrovimab के संभावित दुष्प्रभाव	क्या करें
• त्वचा में लालिमा या दाने • दस्त	यदि ये लक्षण घटित होते हैं तो डॉक्टर या नर्स को बताएँ और वे इनका इलाज करने में मदद दे सकते हैं।
• जब आप sotrovimab इंफ्यूजन (जलसेक) प्राप्त कर रहे/रही हों तो गैर-एलर्जी संबंधी प्रतिक्रियाएँ; लक्षणों में निम्नलिखित लक्षण शामिल हो सकते हैं: ○ बुखार या कंपन, ○ छाती में दर्द या दबाव, ○ दिल की धड़कन का तेज़, धीमे या असामान्य होना, ○ पेट खराब, ○ सिरदर्द या चक्कर आना ○ गले में खराश या सांस फूलना ○ खुजली और दाने	यदि ये लक्षण सामने आते हैं तो तुरंत डॉक्टर या नर्स को बताएँ।
• एलर्जी संबंधी प्रतिक्रियाएँ; लक्षणों में शामिल हो सकते हैं ○ सांस लेने में कमी महसूस होना, सांस में घरघराहट, सांस लेने में परेशानी ○ चेहरे, होंठ, जीभ या शरीर के अन्य भागों में सूजन ○ त्वचा पर गंभीर दाने, खुजली, पित्ती	यदि ये लक्षण सामने आते हैं तो तुरंत डॉक्टर या नर्स को बताएँ।

कृपया ध्यान दें: यह सभी संभावित दुष्प्रभावों की संपूर्ण सूची नहीं है। आपका स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारी अधिक संपूर्ण सूची प्रदान कर सकता है। किन्हीं दुष्प्रभावों की सूचना स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारी को दें।

यदि आप उपरोक्त सूचीबद्ध में किसी दुष्प्रभाव सहित किन्हीं दुष्प्रभावों का अनुभव कर रहे/रही हैं या किसी प्रकार से अस्वस्थ महसूस कर रहे/रही हैं, तो कृपया स्वास्थ्य-देखभाल कर्मी को सलाह के लिए नीचे दिए गए नम्बर पर फोन करें।	
उस स्वास्थ्य-देखभालकर्ता का नाम जिसे फोन करना है:	
टेलीफोन नम्बर:	

© 2021 NSW Therapeutic Advisory Group Inc and State of New South Wales (NSW Health)

अस्वीकरण: यह दस्तावेज़ केवल प्रकाशन के समय वर्तमान जानकारी के लिए प्रदान किया गया है। समय-समय पर इसका नवीनीकरण किया जा सकता है और यह सलाह दी जाती है कि जब व्यक्तिगत रोगी, देखभालकर्ता और परिवार के प्रयोग के लिए इसकी आवश्यकता हो तो इस दस्तावेज़ को NSW TAG वेबसाइट से डाउनलोड किया जाए। इसमें सभी उपलब्ध जानकारी शामिल नहीं है। इसका उद्देश्य चिकित्सा सलाह की जगह इसका प्रयोग करना नहीं है और इसका उपयोग केवल वास्तविक उपचार विकल्पों या निर्णयों को निर्धारित करने के लिए नहीं किया जाना चाहिए।